उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

समाज विज्ञान विद्याशाखा

प्रदर्शनी हर घर तिरंगा

दिनांक : 11–17 अगस्त–2022

प्रतिवेदन

समाज विज्ञान विद्याशाखा

संयोजक : प्रो. संतोषा कुमार

आयोजन सचिव : डॉ. संजय कुमार सिंह

सह–आयोजन सचिव : डॉ0सुनील कुमार

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

प्रतिवेदन

हर घर तिरंगा

मुक्त विश्वविद्यालय में आज़ादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत 'तिरंगा के सफरनामा' प्रदर्शनी आयोजित फीता खोलकर प्रदर्शनी का उद्घटन एवं भारत माता तथा मॉ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यापर्ण करती हुई माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह जी उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान विद्याशाखा के द्वारा ''तिरंगा सफरनामा'' की प्रदर्शनी सरस्वती परिसर स्थित लोमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार के सामने गैलरी में दिनांक 11 अगस्त, 2022 को आयोजित की गई। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह जी द्वारा भारत माता तथा सरस्वती माताजी के चित्र पर माल्यापर्ण के साथ किया गया। प्रदर्शनी के इस मौके पर विश्वविद्यालय के सभी निदेशकगण, सभी आचार्यगण, सभी सह–आचार्य, सहायक आचार्य तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस प्रदर्शनी में 1857 के स्वतन्त्रता संग्राम से लेकर 1947 तक के बीच के ध्वज के विकास का क्रमवार संक्षिप्त तथ्यों तथा चित्रों के साथ प्रदर्शित किया गया। माननीया कुलपति जी ने पूरी प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्रत्येक ध्वज के बारे में विस्तृत जानकारी ली तथा इस प्रदर्शनी की मुक्त कंठ से प्रशंसा की साथ ही विश्वविद्यालय के अन्य सभी निदेशकगण तथा आचार्यों ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन कर इसकी भूरि–भूरि प्रशंसा की। इस प्रदर्शनी में लगाये गये ध्वज को समाज विज्ञान विद्याशाखा के शोध–छात्रों – अनुराग शुक्ल (इतिहास), संजय सिंह (इतिहास), अम्बुज पाण्डेय (राजनीति विज्ञान), प्रीति मान (राजनीति विज्ञान) तथा राजकुमार (राजनीति विज्ञान) द्वारा बनाये गये थे। इस प्रदर्शनी के अन्त में माननीया कुलपति जी ने विभाग के सभी प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र देने के साथ बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएँ भी दीं। इस मौके पर समाज विज्ञान विद्याशाखा के प्रभारी निदेशक प्रो. संतोषा कुमार, सह–आचार्य भूगोल डॉ. संजय कुमार सिंह, सहायक आचार्य प्रा. इतिहास डॉ. सुनील कुमार, सहायक निदेशक/सहायक आचार्य राजनीति विज्ञान डॉ. त्रिविक्रम तिवारी, राजनीति विज्ञान सहायक आचार्य डॉ. दीपशिखा श्रीवास्तव, सहायक आचार्य भूगोल डॉ. अभिषेक सिंह, कार्यालय सहायक राजेश पाठक, कार्यालय परिचर श्री अर्जुन तथा सभी शोध छात्र/छात्रायें उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन सूक्ष्म जलपान, भारत माता की जय, वन्दे मातरम के उद्घोष के साथ समाप्त हुआ। माननीया कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह जी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया